तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

रामनवमी पर मंदिरों में गूंजा 'भय प्रकट कृपाला दीन दयाला...' 4



## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद योग चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में निशुल्क रक्त शर्करा जांच, आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में प्रातः 10 से 2 बजे तक किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क करने के साथ साथ आवश्यकता एवं उपलब्धतानुसार दवाईयां भी निशुल्क प्रदान की जायेगी। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल ने अंचलवासियों से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### पहली बार बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन 9 को

**कोरबा।।** प्रगतिशील लेखक संघ इकाई प्रगतिशील लेखक संघ के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 9 अप्रैल को एक अनूठे बहुभाषी कवि सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन करने जा रही है। संघ के अध्यक्ष सुरेश रोहरा ने इस अभिनव पहल की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में इस तरह का बहुभाषी आयोजन पहली बार हो रहा है। उन्होंने सभी इच्छुक कवि साथियों से कविता पाठ के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर संगठन को भेजने का आग्रह किया है। संस्था के सचिव अरविंद पांडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लेखक और कवि अपनी कविताएं, जो वे गोष्ठी में प्रस्तुत करना चाहते हैं, संगठन के मोबाइल नंबर पर 8 अप्रैल को शाम 4 बजे तक भेज सकते हैं। उन्होंने सम्मानित कवियों से मोबाइल नंबर 7747 920885 पर अपनी सहमति अवश्य देने का अनुरोध किया है। यह बहुभाषी कवि सम्मेलन कोरबा के साहित्यिक परिदृश्य में एक नया रंग भरने वाला साबित होगा।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 को

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए संचालित प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र 20 अप्रैल तक डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही फॉर्म निरस्त हुए विद्यार्थी भी अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से आवेदन निरस्त होने के कारण जान सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा तिथि 20 अप्रैल को प्रातः 9 बजे तक केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### रिक्त पद में भर्ती हेतु दावा आपत्ति 11 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया के आंगनबाड़ी सहायिका रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर परियोजना कार्यालय चोटिया तथा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा की सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। जारी मूल्यांकन पत्रक पर आवेदकों से 11 अप्रैल तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिकाएं कार्यालयीन दिवस पर दावा आपत्ति जमा कर सकते है।

# फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर पुलिस ने निकाली साइकिल रैली

## लोगों को दिया गया स्वास्थ्य रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर जिला पुलिस ने शहर में आज सायकल रैली निकाली और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस रैली में पुलिस के अधिकारियों के साथ साथ अन्य अधिकारी भी शामिल हुए और लगभग 5 किलोमीटर चले रैली के माध्यम से लोगों को इस अभियान के बारे में अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन ग्राउंड कोरबा से स्वास्थ्य जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई। फिट इंडिया मिशन के तहत द संडे ऑन सायकल साइकिल रैली में जिला बल, नगर सेना व एनसीसी कैडेट के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित अभियान में खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश से माननीय केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अभियान के तहत फिट इंडिया मिशन के तहत फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर अपनी फिटनेस को बेहतर करने और एक्सरसाइज साइकिलिंग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के मार्गदर्शन में रविवार को रिस्दी रोड स्थित पुलिस लाइन से स्वास्थ्य जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई। पुलिस बल नगरसेना और एनसीसी के अधिकारी कर्मचारियों ने साइकिल रैली निकाली। पुलिस विभाग द्वारा अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ सभी लोग अपनी बेहतर स्वास्थ बनाये रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट अपने शारीरिक व्यायाम के लिए समय निकाले। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि अपने पसंद से साइकिलिंग, रनिंग, वॉकिंग या अन्य गतिविधियों को अपने दिनचर्या में शामिल कर ओवरइटिंग से बचे ताकि पाचन संबंधी समस्या से दूर अधिकतर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पेट की समस्याओं से शुरू होती है। इन सभी बीमारी से बचाव के लिए नियमित व्यायाम करें और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखें। फिटनेस रैली निर्धारित रूट प्लान पुलिस लाइन ग्राउंड से शुरू होकर कोसाबाडी चौक, सुभाष चौक, ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- फिट इंडिया मिशन के तहत चलाया गया अभियान
- केन्द्रीय खेल युवा विभाग की है योजना



## राज्य सरकार के बजट में नहीं हुआ शामिल

# संतरेगा में आयुष टूरिज्म पर लगा ब्रेक विभाग ने तैयार किया था प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुर्वेद विभाग की संतरेगा में केरल की तर्ज पर आयुष टूरिज्म तैयार करने की योजना पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। राज्य सरकार द्वारा विभाग के इस प्रस्ताव को बजट में शामिल नहीं किया गया है। इस योजना अंतर्गत पर्यटन केंद्र सतरेंगा में आयुष डिस्पेंसरी निर्माण के साथ यहां आने वाले पर्यटकों को आयुर्वेद उपचार की सुविधा मिलती।

जिले में पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए तैयार की गई मूलभूत योजनाओं के तहत तमाम तरह के सौदर्यीकरण के कार्य किए गए। इनमें सतरेंगा को जिले का सबसे बेहतरीन और विकसित पर्यटन केंद्र के रुप में तैयार किया गया। जहां प्रतिवर्ष आने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले के बाहर से भी दूर दराज के पर्यटक पहुंच रहे हैं इन्हीं पर्यटकों को आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराने के साथ साथ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के प्रोजेक्ट बनाने और पर्यटकों को इससे अवगत कराने के लिए इसके लिए आयुर्वेद विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया था। इस प्रस्ताव के तहत केरल के तर्ज पर आयुष टूरिज्म योजना बनी थी। विभाग के इस प्रस्ताव के अंतर्गत एक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना था जो पूरी तरह लकड़ी का बनाया जाना था। विभाग के इस प्रस्ताव को लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारी की थी किंतु फिलहाल इस प्रस्ताव को राज्य स्तर से ही अनुमति नहीं मिली और बजट में भी राशि स्वीकृत नहीं हुई। काफी खर्चिला होने के कारण फिलहाल योजना में ब्रेक लग गया है।

**खास बात**

- केरल की तर्ज पर डिस्पेंसरी करना था तैयार



सतरेंगा पर्यटन स्थल।

**बजट की कमी से रुका काम**

सतरेंगा पर्यटन केंद्र में आयुष टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केरल के तर्ज पर डिस्पेंसरी एवं पंचकर्म यूनिट जैसे सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया था लेकिन बजट की कमी से फिलहाल इस कार्य को रोका गया है।

**उदय शर्मा,** जिला आयुर्वेद अधिकारी

**ये सुविधाएं रहतीं उपलब्ध**

सतरेंगा टूरिज्म केंद्र में जिस तरह से वन विभाग ने कॉटेज तैयार किया है जो पर्यटकों को ठहरने की सुविधा देते हैं उन्हीं पर्यटकों को आयुर्वेद उपचार की सुविधा के तहत लकड़ी के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना था। लकड़ी के इस इंफ्रास्ट्रक्चर में अलग अलग कक्ष तैयार होते जिनमें पंचकर्म यूनिट, ओपीडी कक्ष, फिजियोथैरेपी जैसी सुविधाएं रहतीं। यह प्रस्ताव पहली बार जिले में तैयार हुआ था।

# एसईसीएल गेवरा खदान में डोजर में लगी आग, करोड़ों की मशीन जलकर खाक



आग से जलकर खाक हुआ डोजर मशीन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की गेवरा परियोजना में एक बार फिर लापरवाही भारी पड़ गई। बीते शनिवार की शाम लगभग 5:30 बजे खदान के भीतर कार्यरत डोजर नंबर 915 में अचानक आग लग गई। आगजनी के बाद डोजर ऑपरेटर ने किसी तरह डोजर से कूदकर अपनी जान बचाई। आगजनी की इस घटना में प्रबंधन को करोड़ों रुपए की क्षति की संभावना जताई जा रही है।

डोजर ऑपरेटर बालेश्वर घटना के वक्त श्रीराम शॉवेल, गणेश शॉवेल और पार्था शॉवेल के डम्पिंग क्षेत्र में कार्य कर रहा था। आग की लपटें अचानक इतनी तेजी से फैलीं कि ऑपरेटर ने किसी तरह जान बचाई और मौके से भाग निकला। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस हादसे ने एसईसीएल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और मशीनों के रखरखाव (मेंटेनेंस) पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। वाहन में ईंधन लीकेज के कारण आग की लपटें और तेज हो गईं और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया। तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में करोड़ों रुपए की मशीन को नुकसान पहुंचा है। यह पहला मामला नहीं है जब गेवरा खदान में करोड़ों की मशीन आग की भेंट चढ़ी हो। इससे पहले भी कई बार इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय कर्मचारी और ⏭ शेष पेज 3 पर

# अभी भी टीन शेड में लग रहे हैं सरकारी स्कूल, मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ऐसे विद्यालय भवन जो टीन-शेड में संचालित हो रहे हैं, उन सभी स्थानों में नए स्कूल भवन बनाये जाएंगे। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि एक माह के भीतर विकास खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से टीन शेड वाले विद्यालयों, जर्जर भवनों की जानकारी, किचन शेड और शौचालय की आवश्यकताओं वाले विद्यालयों की जानकारी एकत्र कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने डीएमएफ से नए भवन बनाने की बात कही है। कलेक्टर ने प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए डेस्क-बेंच की व्यवस्था के संबंध में डीईओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

# मोटर सायकल जलने के मामले में पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात लोगों ने एक मोटरसायकल को आग के हवाले कर दिया था। मोटर सायकल किसकी है और किसने इस कारनामे को अंजाम दिया है और किस उद्देश्य से दिया है अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बाइक को पुलिस ने मौके से लावारिश हालत में जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान का कहना है कि बाइक जली हुई अवस्था में मिली है। जिसके चेचिस नंबर के आधार पर पुलिस मोटर मालिक पर पहुंचने का प्रयास करेगी। जिसके बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। पूरा मामला कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत सिरमिना-कोरबी सड़क मार्ग पर स्थित भदरापारा गाँव के समीप एक पुल के नीचे अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर अप्रिय वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर फरार हो गया है। उक्त स्थल को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि घटना पुरानी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोरबी चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी, जहां पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और जली हुई मोटरसायकल को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# मालामाल होने झालमुड़ी बनाना छोड़ खदान में सप्लाई करता था शराब, पहुंच गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिहार से आकर कोयला खदान के भीतर वहां आसपास क्षेत्र में झालमुड़ी बनाकर जीवन यापन करने वाला युवक जो मोटा मुनाफा नहीं दिखा तो उसने पैसा कमाने के लिए शॉर्टकट रास्ता अपनाना शुरू कर दिया और झालमुड़ी बनाना झोड़कर जल्दी अमीर बनने की चाह में उसने खदान व उसके आसपास रहने वाले लोगों को झालमुड़ी के स्थान पर शराब पहुंचाने लगा। शुरूआती दिनों में उसका खेल चल निकला और मालामाल भी होने लगा, लेकिन उसका खेल ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाया और पुलिस ने उसे रंगे हाथों शराब बेचते हुए धर दबोचा और उसे सलाखों के भीतर भेज दिया है।

मामला दीपका थाना क्षेत्र का है, दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुभाष नगर दीपका निवासी मनोज कुमार पांडे पिता मोहन कुमार पांडे 40 वर्ष पिछले कुछ दिनों से खदान के आसपास लोगों को शराब मुहैया करा रहा था। बताया जाता है कि वह देशी शराब दुकानों में जाकर रोज बड़े पैमाने में शराब की खरीदी करता था और वह शराब को बोरी में भरकर खदान के आसपास पहुंचकर लोगों को मोटी रकम लेकर चखना देता था। जैसे ही इसकी सूचना थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मिली वे स्वयं आरोपी को पकड़ने अपनी टीम के साथ खदान के आसपास जा पहुंचे और शराब बेचते मनोज कुमार पांडे को रंगे हाथों धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 34 पाव देशी शराब व 850 रुपए नकद जब्त किया है। थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मनोज कुमार पाण्डेय कुछ माह पहले ही बिहार से दीपका आया था, जो पहले झालमुड़ी बनाकर खदान में बेचा करना था और जिसके बाद शराब बेचने का भी काम शुरू कर दिया था, जिसे गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (2), 34(1) (क), 34(1) (ख ), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में कटघोरा जेल भेज दिया है। कोरबा पुलिस जनता से अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण, विक्रय या किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि हो रही हो, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जिले को नशामुक्त, अपराधमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**खास बातें**

- दीपका पुलिस ने की थी घेराबंदी, आरोपी के कब्जे से 34 पाव देशी शराब जब्त
- प्लास्टिक बोरी में भरकर युवक करता था सप्लाई



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**45 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद**

हरदीबाजार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम अण्डीकछार धनवारपारा निवासी राजकुमार अगरिया द्वारा अपने घर के परछी में अवैध रूप से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब छुपाकर रखकर विक्रय कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां राजकुमार के कब्जे से चार अलग अलग प्लास्टिक जरीकने में भरा कुल 45 लीटर हाथ भट्ठी से बना कच्ची महुआ शराब, शराब बिक्री रकम व शराब बिक्री करने में उपयोग किये जाने वाले पन्नी को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

MARK OF EXCELLENCE
WORLD HEALTH DAY
हर दिन आपके स्वास्थ्य को समर्पित
हमारे सुपरस्पेशलिटी विभाग
मूत्र रोग विभाग | किडनी रोग विभाग | मस्तिष्क रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग | जनरल एवं लैपरोस्कोपिक सर्जरी | स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग | ऑफ्थेल्मोलॉजी विभाग | 24x7 इमर्जेंसी केयर यूनिट
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com Email: Info@markhospital.com
Emergency: +91 89620 32472 Other Appointment: +91 91099 69722
Urology & Nephrology Appointment: +91 78800 95058
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
24x7 SERVICES: CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU & AMBULANCE
AdPRAYAS


LCIT PUBLIC SCHOOL
NURSERY TO XII
Affiliated to CBSE
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)
9516606123
ADMISSIONS OPEN
Artificial Intelligence (AI) for Classes VI onwards
Subjects for Class XI
HUMANITIES
COMMERCE
BIOLOGY
MATHEMATICS
NO ADMISSION FEES
Air Cooled Classrooms
Transport Facility
Separate Hostels for Girls & Boys
LCIT Blooming Buds
Play Group To Class - III
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Vaishali Nagar, Phase - II, Srikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.) 495001
9516167123
ALL SPORTS & GAMES
SEPARATE HOSTELS FOR GIRLS & BOYS
TRANSPORT FACILITY
AIR COOLED CLASSROOMS
lcitps.edu.in
lcitpublicschool
LCIT PUBLIC SCHOOL

## खबर संक्षेप



### पूर्व विधायक देवी भागवत कथा में हुए शामिल

**हरदीबाजार।** पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर रविवार को श्रीमद् देवी भागवत के नौवे दिन पहुंचकर रसपान किया। इस दौरान उन्होंने माँ भवानी से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं कथा व्यास महाराज पं रमाकांत शर्मा से भी आशीर्वाद प्राप्त किए साथ ही क्षेत्र वासियों के लिए सुख शांति और समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भागवत सुनने से मनुष्य तृप्त होता है और जन्म जन्मांतर के पाप से मुक्त हो जाता है साथ ही कथा सुनने या किसी भी शुभ काम को करवाने या करने के पीछे का उद्देश्य परम लक्ष्य की प्राप्ति ही होता है। इस अवसर पर रामशरण कंवर, चंद्रहास राठौर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बेलाकछार में संगीतमय श्रीमद देवी भागवत कथा में झांकी रही आकर्षण



**बालको।** ग्राम बेलाकछार बालको में संगीतमय श्रीमद देवी भागवत कथा महापुराण नवाह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक गोपेंद्र शास्त्री हैं। कथा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगा। 3 व 4 अप्रैल को निशुभ का वर्णन है और बहुत ही सुंदर ढंग से झांकी का कार्यक्रम किया गया। शिव पार्वती का विवाह का कथा सुनाया गया। 6 अप्रैल को दुर्गा देवी चरित्र एवं कथा विश्राम जो कि रामनवमी है साथ ही कन्या भोजन 108 माता को कन्या भोजन कराया जाएगा।

### रलिया व मुढ़ाली के तालाब में पानी पहुंचाने कलेक्टर से लगाई गुहार

**कोरबा।** जिला सचिव जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) श्रवण कुमार कश्यप ने ग्राम रलिया और मुढ़ाली के तालाबों में पानी पहुंचाने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के द्वारा ग्राम रलिया से ग्राम मुढ़ाली के तालाब तक वर्ष 2022-23 में जीआई पाईप लाईन विस्तार, बिछाने का कार्य कराया गया था जिसमें गेवरा खदान के अतिरिक्त पानी के उचित उपयोग के लिए ग्राम रलिया से ग्राम मुढ़ाली के तालाब में एसईसीएल गेवरा द्वारा पानी नहीं पहुंचाया गया है। वर्तमान में गर्मी का प्रकाप कहर बरपा रहा है ऐसे में जल्द से जल्द ग्राम रलिया से ग्राम मुढ़ाली के तालाब में एसईसीएल गेवरा द्वारा पानी पहुंचाए जिससे ग्रामीणों के साथ साथ मवेशियों को गर्मी में राहत मिल सके।

### सेंटपाल कान्वेंट स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह



**हरदीबाजार।** सेंटपाल कान्वेंट स्कूल हरदीबाजार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सनिता अनिल टंडन रहे। विद्यालय के बच्चों ने मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। नशा, गर्ल चाइल्ड सुरक्षा, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के समानता के संदेश को नाटक के माध्यम से शानदार प्रस्तुत किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चें अभिषेक कुमार, शिक्षा पटेल, स्तुति इंग्ले एवं अन्य बच्चों को एकेडमिक एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि भूपेश जायसवाल, नोडल प्राचार्य जीएस कंवर, भूतपूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गौकरण भास्कर, सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर, उपसरपंच रेखा रामू जायसवाल, समाजसेवी नरेश राठौर, राज ओग्रे एवं पालकगण, शिक्षक शिक्षिकाएं, एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### तृतीय कूडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**कोरबा।** तृतीय राज्य स्तरीय कूड़ो प्रतियोगिता दुर्ग के स्वामी विवेकानंद भवन में 5 से 6 अप्रैल आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले के डीएमसी एकेडमी के चार बच्चों का चयन किया गया है। जिसमें अनुज अग्रवाल, आयुष उरांव, वैभव कृष्णा, आरिफ ख़ान शामिल है। इसमें विजयी खिलाड़ी पुणे में 16 से 22 मई तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना प्रतिभा दिखाएंगे। कुडो एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि कूड़ो खेल भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं छग खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त है इस खेल के चेयरमैन अभिनेता अक्षय कुमार है। चयनित खिलाड़ियों को अजीत शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, प्रेमराज बंजारे अध्यक्ष, देवाशीष कश्यप सचिव, आरिफ अंसारी एवं अभिभावकों ने प्रोत्साहित किया।

## मामला एसईसीएल दीपका के भूविस्थापित गांव का मामला

# पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच 17 बिंदुओं पर सहमति, आज प्रबंधन से चर्चा



पंचायत भवन के सामने एकत्रित ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि।

**खास बात**

- प्रत्येक व्यक्ति को 12 डिसमिल जमीन व बसाहट भूमि नहीं लेने पर 25 लाख रुपए देने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन भू-राजस्व पत्र क्रमांक 532 के माध्यम से 3 अप्रैल को ग्राम पंचायत हरदीबाजार सरपंच व उपसरपंच एक पत्र देकर एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा अर्जित ग्राम हरदीबाजार में मकान, परिसंपत्तियों का सर्वे नापी एवं मुल्यांकन का कार्य प्रारंभ करने के संबंध में 7 अप्रैल को सांय 4 बजे दीपका महाप्रबंधक सभागार में हरदीबाजार तहसीलदार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाना है ।

रविवार को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भवन हरदीबाजार में समस्त ग्रामवासियों के साथ सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य सहित सभी ग्रामवासियों की बैठक हुई। इस बैठक में सभी की सलाह पर कुल 17 बिन्दूओं पर आपसी सहमति बनी जिसमें सर्व प्रथम यह बैठक हरदीबाजार में की जाए, दीपका प्रबंधन द्वारा अर्जित ग्राम हरदीबाजार को बसाहट देकर सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाए, प्रत्येक व्यक्ति बसाहट 12 डिसमिल जमीन दी जाए,बसाहट भूमि नही लेने पर प्रत्येक व्यक्ति को 25 लाख रुपए दी जाए, हरदीबाजार को एक साथ अर्जित की जाए, नौकरी, फावती नामांतरण जैसे राजस्व समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व शिविर लगाए जाए, अधिग्रहण के पश्चात रजिस्ट्री हुई भूमि का भूमि स्वामी को 100 प्रतिशत सोलिसियम दी जाए, वर्तमान दर पर मुआवजा राशि प्रदान की जाए, मकान व अन्य परिसंपत्तियों का नापी कर तुरंत मुआवजा राशि बनाकर मकान मालिक को दी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे, मकान का आधा राशि पहले दे, जिससे भू व मकान मालिक अपना घर बना सके। इन्हीं सभी मांगों पर चर्चा करने की आपसी सहमति ग्रामवासियों की बनी है। यदि एसईसीएल व राजस्व अधिकारी इन सभी मांगों पर चर्चा कर सार्थक पहल करते हैं तो ग्रामवासी नापी व सर्वेक्षण मूल्यांकन के लिए तैयार रहेंगे।

## भाजपा स्थापना दिवस...



**कोरबा।** रविवार को भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने चारपारा कोहड़िया स्थित निवास एव अन्य कार्यकर्ताओं के निवास पर भाजपा का ध्वज फहराया व उपस्थित आत्मीय कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## स्कालरशिप के लिए 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** राज्य के बाहर अन्य राज्य के शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवं डाईट आदि में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी विद्यार्थियों हेतु शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक (कक्षा 12वीं से उच्चतर) छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीन एवं नवीनीकरण पंजीयन, संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने के लिए तिथि में वृद्धि की गई है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले विद्यार्थी 3 अप्रैल से अपना पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट कर सकते हैं। 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक नवीन तथा नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

# धनरास राखड़ बांध से प्रभावित ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी के धनरास राखड़ डेम से उड़ रही राख से परेशान ग्रामीण सड़क पर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए है। ग्रामीण प्रशासन के कानों तक अपनी पीड़ा पहुंचाने आखिरकार मुख्यमार्ग पर आंदोलन कर रहे हैं।

एनटीपीसी के धनरास राखड डेम से उड़ने वाली राख से ग्रामीण इस कदर परेशान है कि उन्हें तपती गर्मी में धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। धनरास के ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी की शुरुआत होने के बाद से ही प्रदूषण की समस्या विकराल रुप धारण कर लेती है। थोड़ी-सी हवा चलती है और घरों की छत और आंगन में हर दिन राख की एक परत जम जा रही है। एनटीपीसी प्रबंधन को राख की समस्या के समाधान के लिए कई बार गुहार लगाई गई है इसके बाद भी प्रबंधन के कान में जूं नहीं रेंग रहा है। अब हमारे पास अपनी समस्या को शासन और प्रशासन तक पहुँचाने के लिए आंदोलन ही एक सहारा है। धनरास एनटीपीसी पावर प्लांट से निकलने वाली राख से लगभग दर्जनभर गांव प्रभावित हैं। गांव धनरास के साथ ही साथ जाटांगपुर, छूरीखुर्द, गंगपुर, झोरा, सलोरा, बिशनपुर, बरेड़ीमुड़ा, चोरभट्टी और नवागांव कला जैसे गांव रखाड़ डेम से उड़ने वाली राख से परेशान हैं।

# गर्मी में शरबत पिलाना व राहगीरों के बारे में सोचना पुण्य का कार्य : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही सामाजिक गतिविधियां करते आई हैं। इसी कड़ी में 6 अप्रेल को रामनवमी के पावन अवसर पर और चिलचिलाती धूप को देखते हुए नगर के मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले राहगीरों के लिए क्लब की ओर से प्रथम चरण में शीतल पेयजल शरबत व चना का स्टाल लगाया गया जिसका शुभारंभ राज जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कटघोरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। क्लब के अध्यक्ष दीपक गर्ग ने बताया कि क्लब के द्वारा हर वर्ष गर्मी को देखते हुए कटघोरा व छुरी दोनों ही जगह इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को प्रथम चरण में कटघोरा के मुख्य मार्ग पर इसका आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने बताया कि निश्चित ही पानी पिलाना बहुत ही पूण्य का कार्य होता है खास तौर पर इस भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों के लिए पानी के सांथ ही शरबत व चने की व्यवस्था ये तो सोने पे सुहागा जैसे कार्य को चरितार्थ करता है। गर्मियों के दिनों में घर के बाहर जानवरों के लिए व घर के छतों पर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। हमारे हिन्दू धर्म में भी कहा गया है भूखे को अन्न व प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पूण्य का कार्य होता है। इस अवसर पर महेंद्र पचेरिवाल, शंकर अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, कृपा शंकर पांडेय, सुशील गुप्ता, मन्ना गुप्ता, माइक्रो चेयरपर्सन अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष दीपक गर्ग, सचिव अजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, मुकेश गुप्ता, विकेश अग्रवाल, हनी अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अतुल मित्तल, मुकेश गोयल, चिंटू अग्रवाल, घनश्याम शर्मा सहित सभी सदस्य व नगरवासियों का सहयोग रहा।

**खास बात**

- लायंस क्लब कटगोरा छुरी के सदस्यों का रहा योगदान



शर्बत वितरण करते नगर पंचायत अध्यक्ष जायसवाल एवं अन्य।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल से कई पंचायतों में लगे ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायतों में काम करने वाले पंचायत सचिवों का हड़ताल जारी है। व्यवस्था संभालने के लिए कोई नहीं है और पंचायत कार्यालयों में ताले लगे हैं। नवनिर्वाचित सरपंचों को अधिकार और शक्तियां नहीं मिल पाई है। इससे गांवों का मूलभूत व्यवस्था गड़बड़ा गया है। न पेयजल सही तरीके से मिल रहा है न ही साफ- सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो रहे और न ही अन्य काम हो रहे है। ऐसे में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



प्रदर्शन करते पंचायत सचिव।

मोदी की गारंटी में चुनाव पूर्व पंचायत सचिव को शासकीयकरण किये जाने के वादे को पूर्ण कराने प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर जिले के सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जिससे पंचायतों में कामकाज ठप्प है और ग्रामीण परेशान हो रहे है। पीएम आवास, मनरेगा, पेंशन वितरण, पेयजल व्यवस्था, साफ- सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र समेत पंचायतों के अन्य मूलभूत कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो चले हैं। जिले में 17 से 23 फरवरी तक 3 चरणों मे पंचायत आम चुनाव सम्पन्न हुआ। इसके बाद 3 मार्च से निर्वाचित सरपंचों का शपथ ग्रहण और 17 मार्च से पंचायतों के सचिव हड़ताल पर चले गए। सरपंचों को कार्यभार भी नही सौंपा गया। जिसका असर गांवों में नजर आने लगा है। पंचायतों में सामान्य काम नही हो पा रहे है और ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होने के साथ सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने में दिक्कत हो रही है। पंचायत सचिवों का कहना है कि शासकीयकरण कि मांग को लेकर आखिरी दम तक लड़ेंगे। वहीं निर्वाचित सरपंचों का कहना है कि गांव के लोग अपनी मूलभूत समस्याएं लेकर उनके पास आ रहे है, लेकिन सचिव के हड़ताल पर चले जाने और उन्हें कार्यभार नही मिल पाने से ग्रामीणों के मूलभूत समस्याओं का निराकरण नही हो पा रहा है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे हालात में सचिव की कमी से उनसे संबंधित कार्यों को किया जाना मुश्किल ही नही बल्कि असंभव भी हो गया है। जबकि ग्राम पंचायतो में सचिव के अभाव में पसरी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन- प्रशासन द्वारा वैकल्पित व्यवस्था भी नही की जा रही है। इस स्थिति में गांव के लोग पंचायत और सरपंच का चक्कर काट रहे है, लेकिन उनका कोई काम नही हो पा रहा है। इस दिशा पर शासन को जल्द सकारात्मक निर्णय लिए जाने की अपेक्षा ग्रामीणों द्वारा की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### फिटनेस का डोज....

महाराणा प्रताप चौक, गुरु घासीदास चौक, टीपी नगर चौक, सीएसईबी चौक जैन चौक, वीआईपी रोड, आईटीआई कोसाबाडी चौक से होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा एवं निरीक्षक रूपक शर्मा, अभिनव कांत, ललित चंद्रा, दुर्गेश वर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त मिशन के दौरान लगभग 120 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए।

### एसईसीएल गेवरा...

यूनियनों में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। वे जल्द से जल्द जांच की मांग कर रहे हैं ताकि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। प्रबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

**आवश्यकता है**

आयत ऑटोमोबाइल कोरबा मे डेंटर पद,
मैकेनिक पद,
कम्प्यूटर ऑपरेटर पद
की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार।
शीघ्र संपर्क करें।
आयत ऑटोमोबाइल
बुधवारी बायपास रोड
टी पी नगर कोरबा
7869764475

## ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा में सामुदायिक भवन व बेलाकछार में कल्वर्ट पुल का निर्माण

# बालको का सामुदायिक विकास कार्य सराहनीय: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको औद्योगिक विकास के साथ-साथ समुदाय की भलाई के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। बालको द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन एवं पुल यह दर्शाते हैं कि कंपनी अपने सीएसआर कार्यों के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे औद्योगिक परिवर्तनों से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास सुनिश्चित होगा।

उक्त बातें उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बालको द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बालको ने सोनगुढ़ा पंचायत में सामुदायिक भवन एवं बेलाकछार में कल्वर्ट पुल का निर्माण किया गया है। आयोजित उद्घाटन समारोह में उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन और बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं बालके अधिकारी।

सोनगुढ़ा एवं बेलाकछार में आयोजित कार्यक्रमों में अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि, बालको के अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे। श्री देवांगन ने सामुदायिक निर्माण कार्यों के लिए बालको प्रबंधन को साधुवाद दिया। बालको सीएसआर ने अपनी प्रमुख सामुदायिक विकास पहल के तहत दो महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं बेलाकछार में एक बॉक्स कल्वर्ट ब्रिज और सोनगुढ़ा पंचायत में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरा किया। ये संरचनाएं ग्रामीण व्यवस्था को सशक्त बनाने एवं क्षेत्र में सामुदायिक जीवन को समृद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। बेलाकछार में निर्मित बॉक्स कल्वर्ट ब्रिज से बेलाकछार सहित दोंदरो, कैलाश नगर, संगम नगर और अन्य गांवों के 2 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी और विशेष रूप से मानसून के दौरान ग्रामीणों को राहत मिलेगी। वहीं सोनगुढ़ा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन सामाजिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सार्वजनिक बैठकों के लिए एक उपयुक्त स्थल के रूप में कार्य करेगा, जिससे सोनगुढ़ा पंचायत के एक हार से अधिक समुदाय सदस्य लाभान्वित होंगे।

### 45 गांव के 14 हजार से अधिक लोग लाभान्वित

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने मूल दर्शन समाज को वापस लौटाने के लिए प्रतिबद्ध है। समुदाय एवं सरकार के साथ मिलकर सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए बालको सदैव अग्रसर है। जिला प्रशासन के सहयोग से हम समुदाय के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

SUPER SPECIALITY
NKH HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KORB0019/HOS
NABH

**अप्रैल 2025**
**सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची**

08 अप्रैल 2025 (मंगलवार) — डॉ. एस.एस. मोहन्ती (हृदय रोग विशेषज्ञ)
10 अप्रैल 2025 (गुरूवार) — डॉ. गिरीश अग्रवाल (श्वास रोग विशेषज्ञ)
12 अप्रैल 2025 (शनिवार) — डॉ. संदीप दवे (लैप्रोस्कोपिक सर्जन)
डॉ. प्रवास चौधरी (किडनी रोग विशेषज्ञ)

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

6 korba-pg4_Layout 1 4/6/2025 11:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप




### बांकीमोंगरा भाजपा मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा भाजपा मंडल ने गेवरा बस्ती क्षेत्र के सरस्वती स्कूल में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुरुआत पूर्व बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष डॉ जेपी चंद्रा ने डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी व भारत माता के छाया चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विकेश झा, पार्षद श्रवण कुमार यादव, राजकुमार यादव एवं रितेश सिंह का योगदान रहा। इस दौरान बांकी मंडल से मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, अजीत केंवट, मुकुल कर्ष, धतेश्वर सिंह ठाकुर, लखन राठौर, हनुमान पांडे, लखन राठौर, बांकीमोंगरा नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, विकेश झा, बबलू डहरिया उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



**कोरबा।** भाजपा स्थापना दिवस मनाने के कड़ी में वार्ड क्रमांक 64 के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मनाया। इस दौरान पार्षद आरती लखन सिंह नेतृत्व में पार्षद कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर वैष्णव, राधे कौशिक, भूपेंद्र बरेट, रमेश गुप्ता, बालकृष्ण साहू, लखन सिंह, अवशेष पांडे, नरेंद्र सिंह, जीवन साहू, श्याम सुंदर राठौर, रामधन साहू, गौरी शंकर साहू, पितांबर साहू, राजकुमार तिवारी, बहरता साहू कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में धीरज का चयन



**कोरबा।** अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिला पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक धीरज पटेल का चयन हुआ है। उक्त प्रतियोगिता 7 से 11 अप्रैल तक लखनउ उत्तरप्रदेश में आयोजित किया गया है। उक्त प्रतियोगता पांच दिनों तक चलेगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने धीरज के चयन होने पर शुभकामनाएं दिए हैं।

### कोल इंडिया पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने पेंशन वृद्धि पर चर्चा



**कोरबा।** कोल इंडिया पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कोलकाता के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीआईएल चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की। सीआईएल के कोलकाता स्थिति मुख्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान कोल इंडिया पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने पेंशन में वृद्धि को लेकर चेयरमैन से चर्चा की। मेडिकेयर स्कीम के लिए जीवन काल सीमा में वृद्धि सहित अन्य ज्वलंत मुद्दे को भी चेयरमैन के समक्ष रखा। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी प्रबीर के. मुखर्जी ने बताया कि उक्त मुद्दों को लेकर लिखित ज्ञापन भी सौंपा गया है। श्री मुखर्जी ने बताया कि चेयरमैन ने सभी मांगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

### सम्राट अशोक की जयंती पर विविध कार्यक्रम



**कोरबा।** कुशवाहा समाज द्वारा सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर शनिवार को बालको बस स्टैंड के रामलीला मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुशवाहा समाज कल्याण समिति कोरबा के जिला अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की स्तुति के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ है और कार्यक्रम के अंत में भोग प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, आरएस सिन्हा, अमेरिका मेहता, राजेंद्र प्रसाद, केदार मंडल, अनोखे लाल वर्मा, मुकुंद अलंकरा अजय प्रसाद, कौशल कुशवाहा, प्रताप सिंह, उदय प्रसाद, दिनेश सिंह, पंकज सिंह, अनचू प्रसाद, दिनेश वर्मा, रामजीत मेहता, अमित सिंह, डॉ.शाक्य, सुजीत मौर्य, अशोक प्रसाद, बलराम मौर्य, मुकेश कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, संजय मेहता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्रि पर्व पर सर्वमंगला व मड़वारानी मंदिर से निकली जवारा विसर्जन यात्रा

# रामनवमीं पर मंदिरों में गूंजा 'भय प्रकट कृपाला दीन दयाला...'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार ठीक दोपहर 12 बजे जैसे ही घड़ी की सुइयां एक स्थान पर आकर ठहरीं, मंदिरों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भगवान श्री राम के नाम का जय घोष होने और भय प्रकट कृपाला दीन दयाला चौपाई की गूंज सुनाई देनी लगी। राम जन्मोत्सव की खुशी

**खास बात**

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

मंदिरों में खास ढंग से मनाई गई। इस दौरान आतिशबाजी भी हुई और शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान लोग झूमते गाते शोभायात्रा में चल रहे थे। देर शाम हसदेव नदी तट पर जवारा विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हुआ।

प्राचीन राम जानकी मंदिर सीतामढ़ी, सप्तदेव मंदिर, राम जानकी मंदिर बुधवारी बाजार, राम दरबार , सहित विभिन्न मंदिरों को रामनवमी के लिए आकर्षक डेकोरेट किया गया। चैत्र नवमी की सुबह भगवान का अभिषेक पूजन किया गया और फिर मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस दौरान मंदिर परिसर में भगवान राम का गुणगान जारी रहा। भजन कीर्तन मंडलियों के साथ भक्तों ने यहां रामचरितमानस का पाठ करते हुए भगवान की महिमा का स्मरण किया। मध्यान्ह 12 बजे भगवान के जन्म की खुशियां बिखरी। पूरा वातावरण राममय हो उठा। मंदिरों में- भए प्रगट कृपाला दीन दयाला- स्तुति की गई। जबकि महिलाओं के द्वारा बच्चों के जन्म पर गाए जाने वाले सोहर की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर सभी मंदिरों में भगवान की आरती के साथ भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। रामनवमी पर कोरबा और आसपास के क्षेत्र में शाम को शोभायात्राएं निकाली जाएंगे।



मड़वारानी पहाड़ से जवारा विसर्जन करने जाती महिलाएं।

### मड़वारानी पहाड़ से जवारा विसर्जन यात्रा से अंचल रोशन

चैत्र नवरात्रि पर्व पर के अंतिम दिन राम जन्मोत्सव के दिन मड़वारानी पहाड़ पर जवारा विसर्जन यात्रा पहाड़ से निकलकर हसदेव नदी किनारे पहुंची। लंबी कतार में सिर में जवारा लेकर चल रहीं महिलाएं और युवतियों की अगुवाई में ग्रामीण अंचल रोशन हो रहा था। अपने आप में यह एक आकर्षक नजारा था। सिर में जवारा धारण कर पहाड़ से उतरते हुए महिलाएं और युवतियों की भीड़ देखने के लिए आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग बड़ी संख्या में शहर के लोग पहुंचे हुए थे। पहाड़ से उतरती जवारा विसर्जन यात्रा में भक्ति और आस्था के साथ ग्रामीण संस्कृति की अनुठा संगम नजर आ रहा था। इस ऐतिहासिक और अलौकिक दृश्य को सैंकड़ों लोगों के द्वारा अपने कैमरे में कैद करते देखा गया। भक्ति गीत के साथ हरि भरी वादियों और पहाड़ से उतरती महिलाएं हसदेवी नदी पर पहुंचकर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना कर गाजे बाजे के साथ जवारा का विसर्जन किया।

### 60 कन्याओं की पूजा



चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को 60 कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया। ग्राम डोंगाआमा के कन्याओं का विधि विधान से पूजन अर्चन कर कन्या भोजन कराया गया। साथ ही उन्हें उपहार भी भेंट किया गया। उस ग्राम के लिए यह पहला भव्य आयोजन संपन्न हुआ। साथ ही ग्राम वासियों के लिए भोग भंडारा की भी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सरपंच राम साय, राजेंद्र पटेल, किश्मत राठिया, गणेश राम यादव, रघु, संजय, सोन साय, रमला, गीता, अमरीका कोरवा, कोमल, उद्धव राम, सत्यनारायण व सभी ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के साथ और भी कुछ संगठन इस प्रकार का आयोजन क्षेत्र में कर रहे हैं। मां सर्वमंगला मंदिर में देर शाम हसदेव नदी के तट पर जवारा विसर्जन की यात्रा निकाली गई। गोधूली बेला में जवारा विसर्जन में डूबते सूरज के साथ महिलाओं और युवतियों की कतारबद्ध होकर चल रहीं थीं जो सारे क्षेत्र को जयकारे के साथ शोभामान कर रहे थे।

### रामनवमीं पर 125 परिवार तक पहुंची रामचरितमानस

ग्रामीण अंचल में हिन्दू धर्म और संस्कृति को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रम के साथ लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम सेवा समिति कोरबा द्वारा श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम डोंगाआमा के तुर्री दाई मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय रामायण गायन का आयोजन कर 125 परिवारों में श्रीरामचरितमानस का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम डोंगाआमा को आयोजन के लिए समिति ने भगवान राम के प्राकट्य पर्व पर कार्यक्रम तय किया। ग्राम के तुर्री दाई मंदिर प्रांगण में यह आयोजन संपन्न हुआ।

### सिद्धिदात्री स्वरूप में किया कन्या पूजन

शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि आज धार्मिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर कन्या पूजन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें नौ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया और उपहार प्रदान किए गए। परंपरा के अनुसार, शाम के समय मंदिरों एवं विभिन्न स्थलों पर बोए गए जवारों का विसर्जन किया जाएगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र की शुरुआत चैत्र प्रतिपदा से हुई थी। पूरे नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद मांगा। कोरबा नगर सहित नगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि का पर्व अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया।



### 108 कन्याओं को कराया गया भोज

बालको नगर में श्रीराम मंदिर के निकट पिछले 4 वर्षों से संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन होता आ रहा है, जो कि इस बार 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित किया गया। कथा के आखिरी दिन 108 कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां शहर भर से 108 कन्याओं को आमंत्रित कर आयोजन के संरक्षक हितानंद अग्रवाल एवं साथियों द्वारा कन्याओं का पैर धोकर, आलता लगाकर पूजन किया गया। आयोजन के दौरान हितानंद अग्रवाल के साथ सुमित तिवारी, लोकेश्वर चौहान, संजय साहू, मनोज भार्या, रमेश सोनी, पवन शर्मा, पाठक भैया, लखन लाल चंद्र, सुशील, लक्ष्मण, अर्चना रुणीजा, माहेश्वरी गोस्वामी, रेणु प्रसाद एवं बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।



# अज्ञात युवक की हसदेव नदी में मिली लाश हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव नदी में लाश मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की

**खास बात**

- जिले के अंतिम छोर मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई पुल के नीचे मिली लाश

सुबह एक बार फिर से हसदेव नदी में तेरती हुई एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, जहां हसदेव नदी से शव को बाहर निकला। युवक की पहचान नहीं हो पाई है पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले को लेकर विभिन्न एंगलों में जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

मामला जिले के दूरस्थ वनांचल मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत बांगो-अंबिकापुर मुख्य मार्ग के केंदई से पहले हसदेव नदी पुल के नीचे एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर मोरगा चौकी प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे, जहां गोताखोरों की मदद से हसदेव नदी में तैर रहे शव को बाहर निकल गया। मृत्यु की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आसपास के क्षेत्र में युवक की पहचान की कार्यवाही शुरू कर दी है। जिस परिस्थिति में युवक की लाश मिली है इससे संभावना जताई जा रही है कि कहीं युवक की हत्या तो नहीं की गई है। चौकी प्रभारी मंतूराम का कहना है कि पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पिछले कुछ महीनों के दौरान हसदेव नदी में कई लोगों की लाश मिल चुकी है, लगातार लाश मिलने का सिलसिला जारी है।



नदी में तैरती युवक की लाश।

# प्रगतिशील जायसवाल समाज ने बांटा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

प्रगतिशील जायसवाल समाज द्वारा रामनवमी के अवसर पर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान नवीन कार्यकरिणी ने किया सामाजिक सदस्यता अभियान का शुभारंभ। कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेंद जायसवाल, उपाध्यक्ष शिव जायसवाल, सचिव महेंद्र महतो, सहसचिव दिनेश कश्यप, कोषाध्यक्ष नरेंद्र जायसवाल द्वारा स्थाई समिति के अध्यक्ष जानकी प्रसाद कौशिल व सदस्य संतोष जायसवाल का सामाजिक सदस्यता फॉर्म भरकर सदस्यता अभियान का शुरुआत किया। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ प्रभारी गजेंद्र कौशिक व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती बीना जायसवाल के अलावा सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय सचिवगण, पूर्व कार्यकरिणी के सदस्यगण और बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में रजनीकांत, अखिलेश, सत्यनारायण, भरत जायसवाल, बालगोविंद जायसवाल, मनोज महतो, रमेश महतो, मुरारी महतो, बजरंग जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, रघुनाथ, भागवत महतो, राजू महतो, मनोज गुप्ता, संजीव शर्मा, वीरेंद्र शुक्ला, फिरतन विश्वकर्मा, सरोज रात्रे, ऋतिक वैष्णव उपस्थित थे।



भाग प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य निरीक्षण पर पहुंचे थे एसईसीएल गेवरा कॉलोनी

# वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों को करना पड़ा महिलाओं के विरोध का सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा कॉलोनी में निरीक्षण के लिए पहुंचे कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों को विरोध का सामना करना पड़ा है। महिलाओं ने बोर्ड के सदस्यों को खरी खोटी सुनाई और अपनी समस्याएं गिनाईं। महिलाएं ने नियमित जल आपूर्ति नहीं किए जाने सहित सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बोर्ड के सदस्यों का विरोध जताया।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य एसईसीएल के विभिन्न एरिया में निरीक्षण के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व ही बोर्ड के सदस्यों ने एसईसीएल कोरबा क्षेत्र का दौरा किया था। इस दौरान मुड़ापार स्थित एसईसीएल मेन अस्पताल में काफी खामियां पाई गई थी । जिसे लेकर बोर्ड के सदस्यों ने प्रबंधन से चर्चा भी की थी। रविवार को बोर्ड के सदस्यों ने एस ई सी एल की गेवरा कॉलोनी का दौरा किया और शक्ति नगर फिल्टर प्लांट, गेवरा कॉलोनी, ऊर्जा नगर कॉलोनी, दीपका कॉलोनी, नेहरू शताब्दी चिकित्सालय और डीएवी पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। गेवरा कॉलोनी पहुंचने पर महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं। पानी की अनियमित आपूर्ति, नालियों की सफाई में लापरवाही और मच्छरों के प्रकोप को लेकर उन्होंने विरोध जताया। महिलाओं का आरोप था कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रबंधन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करता आ रहा है । महिलाओं ने प्रबंधन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। महिलाओं का कहना था कि केवल चुनिंदा स्थानों पर ही सुविधाएं दी जाती हैं। वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अपनी डायरी में नोट किया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रबंधन के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द समाधान का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बोर्ड के सदस्य टिंकश्वर सिंह राठौर, शंकर बेहरा, अंकुर गुप्ता और आनंद गुप्ता के साथ सिविल विभाग, विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के एचओडी उपस्थित थे।



विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### समाधान न होने पर दोबारा निरीक्षण

कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने चेतावनी दी कि श्रमिकों और उनके परिवारों की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान न होने पर दोबारा निरीक्षण की बात भी कही गई। वार्ड पार्षद ने बताया कि बिजली, पानी, सड़क और सफाई की खराब व्यवस्था से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। इससे लोगों को बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411